# ध्येय पथ

## जनवरी 2024

मासिक ई-पत्रिका



सम्पादक

श्रीमती पुष्पा निषाद

डॉ. सुबोध कुमार मिश्र

महाराणा प्रताप महाविधाल, जंगल धूसड़

गोरखपुर

## सात दिवसीय निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला

03 जनवरी को महाविद्यालय में जे.के. अर्बनसेटल डेवेलपर्स लिमिटेड कानुपर द्वारा प्रायोजित एवं सिंगर इंडिया लिमिटेड के सहायोग से आयोजित 'उन्नत भारत अभियान में मिशन शक्ति के अन्तर्गत सात दिवसीय निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का आरम्भ हुआ। यह प्रशिक्षण चार केन्द्रों पर 2–2 पालियों में दिया गया। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर केन्द्र पर श्री पवन राजपूत, योगिराज बाबा गम्भीरनाथ सेवाश्रम केन्द्र–01 पर श्री नरेश कुमार, योगिराज बाबा गम्भीरनाथ सेवाश्रम केन्द्र–02 पर श्री ललित सरोज एवं महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कॉलेज, सिविल लाइन्स गोरखपुर केन्द्र पर श्री मोहित द्वारा प्रशिक्षण कार्य किया गया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा गोद लिए गाँव छोटी रेतवाहियां बड़ी रेतवहियाँ, मंझरिया तथा हसनगंज के चयनित 1150 महिलाओं, बालिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्नत भारत अभियान के प्रभारी डॉ. मंजेश्वर तथा मिशन शक्ति अभियान की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।



## सात दिवसीय निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला उद्घाटन कार्यक्रम

04 जनवरी को महाविद्यालय में उन्नत भारत ग्राम अभियान में मिशन शक्ति के अन्तर्गत जे के अर्बन सेप्स डेवेलपर्स लिमिटेड कानपुर द्वारा प्रायोजित तथा सिंगर इण्डिया लिमिटेड के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के सलाहकार श्री अवनीश कुमार अवस्थी, व पिपराईच विध ाान सभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री महेन्द्रपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में गोरखपुर जिला के माननीय जिलाधिकारी श्री कृष्णा करूणेश जी, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के तकनीकी सलाहकार डॉ. जी.एन. सिंह जी रहे साथ ही कार्यक्रम में सिंगर इंडिया लिमिटेड की एन.आर.हेड श्रीमती अल्पना शरना जी उपस्थित रही। कार्यक्रम में अतिथि स्वागत






महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी जे. के समूह के वाइस प्रेसीडेंट श्री आशीष चौहान ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया व अतिथि आभार डॉ. मंजेश्वर जी ने ज्ञापित किया।

## कार्यशाला का चौथा दिन



06 जनवरी को महाविद्यालय में जे.के. अर्बनसेप्स डेवेलपर्स लिमिटेड कानपुर द्वारा प्रायोजित तथा सिंगर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से ''उन्नत भारत ग्राम अभियान में मिशन शक्ति'' प्रकल्प के अन्तर्गत आयोजित सप्त दिवसीय सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के चौथे दिन मुख्य प्रशिक्षक के रूप में सुश्री मनप्रीत जी ने महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में कुल 800 से अधिक महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## भारत-भारती पखवाड़ा उद्घाटन कार्यक्रम

12 जनवरी को महाविद्यालय में भारत–भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में रामजी सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रूद्रपुर देवरिया के प्राचार्य प्रो. बृजेश कुमार पाण्डेय जी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की उप–प्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्री हरिकेश यादव ने किया। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी भारत–भारती पखवाड़ा संयोजक श्री अनुप कुमार पाण्डेय ने किया।



## राष्ट्रीय युवा दिवस




12 जनवरी को महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर ''राष्ट्रीय युवा दिवस'' कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत किया गया। कार्यक्रम की वक्ता के रूप में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती सिंह ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने किया।

## कम्प्यूटर प्रश्न मंच प्रतियोगिता

16 जनवरी को महाविद्यालय में भारत–भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत कम्प्यूटर प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 32 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। बी. एस–सी. तृतीय सेमेस्टर की अनुष्का सिंह को प्रथम स्थान, बी.एड्. तृतीय सेमेस्टर की नेहा सिंह को द्वितीय स्थान तथा बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर के आयुष श्रीवास्तव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में श्री सूरज मिश्रा, श्री अभिनव त्रिपाठी एवं श्री अनूप पाण्डेय जी रहे। प्रतियोगिता का संयोजन श्री प्रियांशु श्रीवास्तव ने किया।



## कैरम प्रतियोगिता




17 जनवरी को महाविद्यालय में भारत–भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत महन्त अवेद्यनाथ स्मृति कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रतिभाग किया। कैरम प्रतियोगिता के बालक वर्ग में बी.एड्. प्रथम सेमेस्टर के अखिल को प्रथम स्थान, बी.एड्. प्रथम सेमेस्टर के किशन कुमार को द्वितीय स्थान तथा बी.एड्. प्रथम सेमेस्टर के विवेक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ वही बालिका वर्ग में बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की कविता को प्रथम स्थान, बी.ए. पंचम सेमेस्टर की साक्षी पाण्डेय को द्वितीय स्थान व बी.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर की प्रतिमा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में श्री भारत कुमार, श्री रितेन्द्रनाथ पाण्डेय, श्रीमती अर्चना गुप्ता, सुश्री साक्षी चौबे एवं श्री नन्दन शर्मा जी रहे। पुरस्कार वितरण उप–प्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सत्येन्द्रनाथ शुक्ल ने किया।

## शतरंज प्रतियोगिता

17 जनवरी को महाविद्यालय में भारत–भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत महन्त अवेद्यनाथ स्मृति शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रतिभाग किया।




प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में निधि राव बी.ए. पंचम सेमेस्टर को प्रथम, निर्जला शर्मा बी.काम प्रथम सेमेस्टर को द्वितीय तथा कविता बी.ए. तृतीय सेमेस्टर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वही बालक वर्ग में अभिषेक बी. एस–सी. तृतीय सेमेस्टर के अभिषेक को प्रथम स्थान, किशन बी.एड्. प्रथम सेमेस्टर को द्वितीय स्थान तथा विशाल बी.ए. पंचम सेमेस्टर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में श्री भारत कुमार, श्री रितेन्द्रनाथ पाण्डेय, श्रीमती अर्चना गुप्ता, सुश्री साक्षी चौबे एवं श्री नन्दन शर्मा जी रहे। उप–प्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह ने पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सत्येन्द्रनाथ शुक्ल ने किया।

## लोकगीत प्रतियोगिता

18 जनवरी को महाविद्यालय में भारत–भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 26 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता में गुड़िया सिंह बी.काम. चतुर्थ सेमेस्टर को प्रथम स्थान, शिखा दुबे बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर को द्वितीय स्थान तथा सुप्रिया दुबे बी. काम चतुर्थ सेमेस्टर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. आरती सिंह ने तथा आभार ज्ञापन डॉ. सुधा शुक्ल ने किया। निर्णायक मण्डल में सुश्री दीप्ति गुप्ता, डॉ. सलिल पाण्डेय एवं डॉ. नीलम गुप्ता ने किया।




## हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप पुण्यतिथि

19 जनवरी को महाविद्यालय में भारत–भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप पुण्यतिथि के अवसर पर ''रामराज्य की संकल्पना रघुवंशी राम से महाराणा प्रताप तक'' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में पूर्वोत्तर रेलवे के पूर्व मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक श्री रणविजय सिंह ने अपना व्याख्यन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़गवासला, पुणे, के सेवानिवृत्त आचार्य डॉ. राजेन्द्र भारती ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुबोध कुमार मिश्र एवं संयोजन श्री अनूप कुमार पाण्डेय ने किया तथा आभार ज्ञापन डॉ. वेंकट रमन ने किया।



## नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती

23 जनवरी को महाविद्यालय में भारत–भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती के अवसर पर ''भारतीय सशस्त्र क्रांति के सूर्य नेताजी सुभाषा चन्द्र बोस'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता गोरखपुर के उपनगर आयुक्त डॉ. मणि भूषण तिवारी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना गुप्ता तथा संयोजन श्री अनूप कुमार पाण्डेय तथा अतिथि आभार उप–प्राचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने किया।




## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता

23 जनवरी को महाविद्यालय में भारत–भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 19 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अरूण कुशवाहा बी.एड्. प्रथम सेमेस्टर को प्रथम स्थान, आशीष पाण्डेय बी.ए. तृतीय सेमेस्टर को द्वितीय स्थान तथा निमिष कुमार सिंह बी.ए. तृतीय सेमेस्टर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव व श्री जितेन्द्र प्रजापति जी रहे। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. शालू श्रीवास्तव ने किया।



## मानस पाठ प्रतियोगिता

23 जनवरी को महाविद्यालय में भारत–भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत रामचरित्र मानस पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 21 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में गुड़िया सिंह बी.काम. चतुर्थ सेमेस्टर को प्रथम स्थान, सुप्रिया दूबे बी.एड्. प्रथम सेमेस्टर को द्वितीय स्थान तथा साक्षी पाण्डेय बी.ए. पंचम सेमेस्टर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में श्रीमती पुष्पा निषाद, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव व सुश्री साक्षी चौबे जी रही। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री दीप्ति गुप्ता व अर्चना गुप्ता ने किया।




## रंगोली प्रतियोगिता

24 जनवरी को महाविद्यालय में भारत–भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 20 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्रुप सी, कृति रानी वर्मा, गरिमा त्रिपाठी, अखिल कुमार एवं राकेश कुमार तथा तृतीय स्थान ग्रुप बी लक्ष्मी कुमारी, क्षिप्रा रानी एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर गृह विज्ञान ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में डॉ. अर्चना गुप्ता, सुश्री दीप्ति गुप्ता व सुश्री स्मृति सिंह जी रही। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. अनुभा श्रीवास्तव एवं सुश्री रीतिका त्रिपाठी व डॉ. दीपशिखा नागवंशी ने किया।



## विशिष्ट व्याख्यान

24 जनवरी को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्रनाथ शुक्ल ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता एवं आभार ज्ञापन डॉ. आरती सिंह ने किया।




## 75 वां गणतन्त्र दिवस समारोह

26 जनवरी को महाविद्यालय में 75वें गणतन्त्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व प्रान्त संघ चालक डॉ. पृथ्वीराज सिंह जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया। कार्यक्रम का संचालन आदर्श कुंवर सिंह एवं निमिष सिंह ने किया। इसी अवसर पर महाविद्यालय के छात्रावास योगिराज बाबा गम्भीरनाथ सेवाश्रम पर भी ध्वजारोहण किया गया। छात्रावास के अधीक्षक श्री विनय कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया।



## एक दिवसीय शिविर

27 जनवरी को महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा अभिगृहित ग्राम तिनकोनिया न. 02 में "स्वावलम्बी ग्राम योजना" के अन्तर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के छात्रों द्वारा ग्रामवासियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। विद्यार्थियों द्वारा विश्वकर्मा श्रम योजनाओं में 35 ग्रामीणों का पंजीकरण किया गया। शिविर के आयोजन में वाणिज्य विभाग के प्रियांशु राय, शिवम यादव, सदानन्द चौहान, अभिषेक निगम, रूक्मणि प्रजापति, भूमिका चौहान व वन्दना वर्मा के साथ समस्त विभागीय शिक्षक सम्मिलित रहे।




## समाचार पत्रो में प्रकाशित महाविद्यालय के विविध कार्यक्रम



गोरखपुर, बुधवार, 3 जनवरी 2024 04 हिन्दुस्तान

# 1150 महिलाओं को बनाएंगे आत्मनिर्भर

**सरोकार**

- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को एमपी शिक्षा परिषद ने की बड़ी पहल
- जेके अर्बनसेप्स डेवलपर्स प्रायोजक, सिंगर इंडिया के सहयोग से प्रशिक्षण
- निःशुल्क प्रशिक्षण देकर मुफ्त सिलाई मशीन वितरित होगी

"महिलाओं की आत्मनिर्भरता को लेकर एमपी शिक्षा परिषद द्वारा नई पहल की गई है। यह कार्यक्रम उन्नत भारत ग्राम अभियान एवं मिशन शक्ति के तहत होगा। प्रशिक्षित महिलाओं को जेके अर्बनसेप्स डेवलपर्स द्वारा नि:शुल्क सिलाई मशीन दी जाएगी।
– डॉ प्रदीप कुमार राव, प्राचार्य, एमपी पीजी कॉलेज

गोरखपुर, निज संवाददाता। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने एक बड़ी पहल की है। शिक्षा परिषद की तरफ से 1150 महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई का निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें मुफ्त सिलाई मशीन वितरित की जाएगी।

इसमें एमपी शिक्षा परिषद की कई संस्थाएं जैसे महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़, महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेज सिविल लाइंस, योगी गंभीरनाथ सेवाश्रम, महाराणा प्रताप कृषक इंटर कॉलेज जंगल धूसड़, महाराणा प्रताप कन्या इंटर कॉलेज व महाविद्यालय रामदत्तपुर महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगी। यह कार्यक्रम जेके अर्बनसेप्स डेवलपर्स लिमिटेड कानपुर द्वारा प्रायोजित सिंगर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से होगा।

एमपी शिक्षा परिषद अध्ययन की गुणवत्ता के साथ सामाजिक सरोकारों के निवर्हन को भी तत्पर रहता है। इसके लिए अनेक प्रकल्पों के जरिए सतत कार्यक्रम चलाए जाते हैं। इसी क्रम में एमपी पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ का मिशन मंझरिया भी ऐसे कार्यक्रमों का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**सात दिनों तक दिया जाएगा प्रशिक्षण**

निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण चार केंद्रों के अंतर्गत 10 स्थानों पर दिया जाएगा। इस अभियान के तहत 3 से 9 जनवरी तक सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। पन्द्रह से 40 वर्ष तक की बालिकाओं और महिलाओं के लिए इस प्रशिक्षण की अवधि प्रतिदिन दो घंटे की होगी।

गोरखपुर । बृहस्पतिवार • 4 जनवरी • 2024 राष्ट्रीय सहारा

# 12 स्थानों पर शुरू हुआ एक साथ निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण

गोरखपुर (एसएनबी)। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की नई पहल से चार केंद्रों के तहत बारह स्थानों पर कुल 1150 महिलाओं के लिए निशुल्क सिलाई-कढ़ाई के प्रशिक्षण का कार्यक्रम बुधवार से शुरू हो गया। सात दिवसीय प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीन वितरित की जाएगी। प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम जेके अर्बनसेप्स डेवलपर्स लिमिटेड कानपुर द्वारा प्रायोजित है और सिंगर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से किया जा रहा है। प्रशिक्षण का औपचारिक उद्घाटन गुरुवार को एमपीपीजी कालेज जंगल धूसड़ मे किया जाएगा जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश मौजूद रहेंगे।

**गुरुवार को होगा औपचारिक उदघाटन, सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी होंगे मुख्य अतिथि**

**प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को मुफ्त**

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की नई पहल के बारे में एमपीपीजी कलेज के प्राचार्य डा. प्रदीप कुमार राव ने बताया कि यह कार्यक्रम उन्नत भारत ग्राम अभियान एवं मिशन शक्ति के तहत किया जा रहा है। इसमें शिक्षा परिषद की कई संस्थाएं जैसे महाराणा प्रताप तकोत्तर महाविद्यालय (एमपीपीजी कलेज) जंगल धूसड़, महाराणा प्रताप बालिका इंटर करलेज सिविल लाइंस, योगी गंभीरनाथ सेवाश्रम, महाराणा प्रताप इंटर कलेज जंगल धूसड़, महाराणा प्रताप कन्या इंटर कलेज व महाविद्यालय रमदत्तपुर महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है। निशुल्क सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण चार केंद्रों के अंतर्गत 12 स्थानों पर शुरू किया गया है। एमपीपीजी कालेज केंद्र के अंतर्गत हसनपुर गांव और कर.लेज द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। योगिराज बाबा गंभीरनाथ सेवाश्रम- एक केंद्र के तहत मंझरिया और बड़ी रेतवहिया गांव, सेवाश्रम- दो केंद्र के तहत महाराणा प्रताप षक इंटर कालेज जंगल धूसड़, छोटी रेतवहिया व चतुर्थ श्रेणी कमर्चारी तथा महाराणा प्रताप बालिका इंटर कालेज सिविल लाइंस केंद्र के तहत इस कालेज, महाराणा प्रताप कन्या इंटर कालेज रमदत्तपुर व गुरु श्री गोरक्षनाथ विद्यापीठ भरोहिया पर प्रशिक्षण शुरू हुआ है। 15 से 40 वर्ष तक की बालिकाओं और महिलाओं के लिए इस प्रशिक्षण की अवधि प्रतिदिन दो घंटे की है। बुधवार को प्रशिक्षण के शुरू होने पर सिंगर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीनियर आफिसर पवन राजपूत, नरेश कुमार, ललित सरोज, मोहित, एमपीपीजी कलेज मे उन्नत भारत अभियान के प्रभारी डॉ. मंजेश्वर तथा मिशन शक्ति अभियान की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह की सक्रिय सहभागिता रही।



एमपी शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित नि:शुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र।

amarujala.com गोरखपुर | बृहस्पतिवार, 4 जनवरी 2024 7

# 12 स्थानों पर एक साथ शुरू हुआ निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण

गोरखपुर। महाराणा प्रताप (एमपी) शिक्षा परिषद की नई पहल से 12 स्थानों पर कुल 1150 महिलाओं के लिए निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण बुधवार को शुरू हो गया। सात दिवसीय प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीन दिया जाएगा। इसका औपचारिक उद्घाटन बृहस्पतिवार को एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी द्वारा किया जाएगा। इसका आयोजन जेके अर्बनसेप्स डेवलपर्स लि. ने सिंगर इंडिया लि. के सहयोग से किया है। डीएम कृष्णा करुणेश विशिष्ट अतिथि होंगे। जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने दी। संवाद

amarujala.com गोरखपुर | बुधवार, 3 जनवरी 2024 6

# 1150 महिलाओं को प्रशिक्षित कर दी जाएगी सिलाई मशीन

गोरखपुर। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से बुधवार से 1150 महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई का निशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें मुफ्त में सिलाई मशीन वितरित की जाएगी।

यह कार्यक्रम जेके अर्बनसेप्स डेवलपर्स लिमिटेड कानपुर की ओर से प्रायोजित सिंगर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से होगा। इसमें एमपी शिक्षा परिषद की कई संस्थाएं जैसे महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय (एमपीपीजी कॉलेज) जंगल धूसड़, महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेज सिविल लाइंस, योगी गंभीरनाथ सेवाश्रम, महाराणा प्रताप कृषक इंटर कॉलेज जंगल धूसड़, महाराणा प्रताप कन्या इंटर कॉलेज व महाविद्यालय रमदत्तपुर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

एमपी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने बताया कि यह कार्यक्रम उन्नत भारत ग्राम अभियान एवं मिशन शक्ति के तहत होगा। संवाद

amarujala.com
गोरखपुर | शुक्रवार, 5 जनवरी 2024 6

# समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : अवनीश

## एमपी महाविद्यालय में सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। भारत का विकास गांवों के विकास एवं उनके स्वावलंबन में छिपा है। समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारत आज सशक्त राजनीतिक नेतृत्व के हाथों में है। भारत विकास की सभी विधाओं में तेजी से विकसित देशों के कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रहा है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने कहीं। वह महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में बृहस्पतिवार को 'उन्नत भारत ग्राम अभियान में मिशन शक्ति' प्रकल्प के अंतर्गत जेके अर्बनसेप्स डेवेलपर्स लि. और सिंगर इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित सात दिवसीय निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।



एमपी महाविद्यालय जंगल धूसड़ में प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी को स्मृति चिह्न भेंट करते डॉ. प्रदीप कुमार राव। संवाद

उन्होंने कहा कि हमें भारत की आधी आबादी के विकास एवं स्वावलंबन के लिए और कार्य करने की जरूरत है। कार्यक्रम को पिपराइच विधायक महेंद्र पाल सिंह, डीएम कृष्णा करुणेश ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्यमंत्री के तकनीकी सलाहकार डॉ. जीएन सिंह ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने अतिथियों का स्वागत किया। जेके समूह के वाइस प्रेसीडेंट आशीष चौहान ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी है।

4 दैनिक जागरण गोरखपुर, 5 जनवरी, 2024

# 'ग्रामीणों के स्वावलंबन में छिपा है भारत का विकास'



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी का स्वागत करते करते डा. प्रदीप कुमार राव व अन्य मचासीन अतिथि • सौ. स्वयं

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि भारत विकास की सभी विधाओं में तेजी से विकसित देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रहा है, क्योंकि यहां विकास के हर कार्य गांव से शुरू हो रहे। ऐसा इसलिए कि भारत का सशक्त नेतृत्व यह जानता है कि देश का विकास गांवों के विकास और ग्रामीणों के स्वावलंबन में छिपा है। वह गुरुवार को महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में 'उन्नत भारत ग्राम अभियान में मिशन शक्ति' प्रकल्प के तहत आयोजित सात दिवसीय निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यशाला महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन में मील का पत्थर साबित होगी। कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की तमाम सरकारी योजनाओं के केंद्र में महिलाएं हैं। महिलाओं को आगे बढ़ाए बिना भारत को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने की सोचना बेमानी है। पिपराइच के विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। गांवों की महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यशालाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं को उनकी आय बढ़ाने में सहायता करने के साथ ही उन्हें आर्थिक दृष्टि से स्वावलंबी बनाने में मदद करेगा। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डा. प्रदीप कुमार राव, संचालन शिप्रा सिंह और आभार ज्ञापन डा. मंजेश्वर ने किया।

हिन्दुस्तान गोरखपुर, गुरुवार, 4 जनवरी 2024 06 अपने युवा

# 12 स्थानों पर एक साथ शुरू हुआ निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण

गोरखपुर, निज संवाददाता। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की नई पहल से चार केंद्रों के अंतर्गत 12 स्थानों पर कुल 1150 महिलाओं के लिए निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई के प्रशिक्षण का कार्यक्रम बुधवार से शुरू हो गया। सात दिवसीय प्रशिक्षण के बाद उन्हें मुफ्त सिलाई मशीन वितरित की जाएगी।

प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम जेके अर्बनसेप्स डेवलपर्स लिमिटेड कानपुर द्वारा प्रायोजित है और सिंगर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से किया जा रहा है। प्रशिक्षण का औपचारिक उद्घाटन गुरुवार को महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश मौजूद रहेंगे।



महिलाओं को नि:शुल्क सिलाई-कढ़ाई के प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। • हिन्दुस्तान

एमपी शिक्षा परिषद की नई पहल के बारे में एमपी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने बताया कि यह कार्यक्रम उन्नत भारत ग्राम अभियान एवं मिशन शक्ति के तहत किया जा रहा है। इसमें शिक्षा परिषद की कई संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही हैं।

- आज होगा औपचारिक उद्घाटन, सीएम के सलाहकार होंगे मुख्य अतिथि
- प्रशिक्षण प्राप्त 1150 महिलाओं को मुफ्त दी जाएगी सिलाई मशीन

### इन केन्द्रों पर दिया गया प्रशिक्षण

एमपीपीजी कॉलेज केंद्र के अंतर्गत हसनपुर गांव और कॉलेज द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। योगिराज बाबा गंभीरनाथ सेवाश्रम-1 केंद्र के अंतर्गत मझरिया और बड़ी रेतवहिया गांव, सेवाश्रम-2 केंद्र के तहत एमपी कृषक इंटर कॉलेज जंगल धूसड़, छोटी रेतवहिया व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेज सिविल लाइंस केंद्र के तहत इस कॉलेज, एमपी कन्या इंटर कॉलेज रामदत्तपुर व गुरु श्री गोरक्षनाथ विद्यापीठ भरोहिया पर प्रशिक्षण शुरू हुआ है।

**प्रतिदिन 2 घंटे प्रशिक्षण अवधि:** 15 से 40 वर्ष तक की बालिकाओं और महिलाओं के लिए इस प्रशिक्षण की अवधि प्रतिदिन दो घंटे की है। बुधवार को प्रशिक्षण के शुरू होने पर सिंगर इंडिया के सीनियर आफिसर पवन राजपूत, नरेश कुमार, ललित सरोज, मोहित, एमपी पीजी कॉलेज में उन्नत भारत अभियान के प्रभारी डॉ. मंजेश्वर तथा मिशन शक्ति अभियान की प्रभारी शिप्रा सिंह आदि की सहभागिता रही।

पेज 10 गोरखपुर। शुक्रवार • 5 जनवरी • 2024 राष्ट्रीय सहारा

# समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : अवनीश अवस्थी

**एमपी महाविद्यालय मे सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ**

**आर्थिक स्वावलंबन में ऐसी कार्यशालाएं महत्वपूर्ण: महेन्द्र पाल सिंह**

गोरखपुर (एसएनबी)। आज भारत विकास की सभी विधाओं में तेजी से विकसित देशों के कन्धे से कन्धा मिलाकर आगे बढ़ रहा है। उद्योगों का क्षेत्र हो या निर्यात, औषधि या रक्षा उपकरणों के निर्माण का, सभी क्षेत्रों में भारत की प्रगति विश्व में कौतूहल पैदा कर रही है। ऐसे में हमें भारत की आधी आबादी अर्थात् महिलाओं के विकास एवं स्वावलंबन की ओर और अधिक कार्य करने की जरूरत है।

उक्त बातें अवनीश कुमार अवस्थी सलाहकार मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ने कहीं। वे गुरुवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में उन्नत भारत ग्राम अभियान में मिशन शक्ति प्रकल्प के अन्तर्गत जेके अर्बनसेप्स डेवेलपर्स लिमिटेड कानपुर द्वारा प्रायोजित तथा सिंगर इण्डिया लिमिटेड के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की तमाम सारी सरकारी योजनाओं के केन्द्र में महिलाएं हैं। महिलाओं को आगे बढ़ाए बिना भारत को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने की सोचना बेमानी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिपराइच के विधायक महेन्द्रपाल सिंह ने कहा कि गांवों की महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यशालाओं की भूमिका अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन चुका है और देश के सर्वोत्तम प्रदेश बनने की राह पर है। विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं को उनकी आय बढ़ाने में सहायता करने के साथ ही उन्हे आर्थिक दृष्टि से स्वावलंबी बनाने में मदद करेगा। यहां कार्यशाला से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली प्रत्येक महिला अपने आस-पड़ोस की कुछ महिलाओं को यह हुनर सिखाए, साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह का निर्माण भी करें जिससे हर महिला की आमदनी बढ़ेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्यमंत्री के तकनीकी सलाहकार डॉ. जीएन सिंह ने कहा कि महिलाओं के सहयोग के बिना भारत का विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम में सिंगर इंडिया लिमिटेड की एच.आर. हेड श्रीमती अल्पना शरना ने प्रशिक्षुओं को उनके प्रशिक्षण सम्बन्धी पाठ्यक्रम एवं प्रशिक्षण सम्बन्धी अन्य सामान्य जानकारी से परिचित कराया। इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने अतिथियों का स्वागत किया। जेके समूह के वाइस प्रेसीडेंट आशीष चौहान ने कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शिप्रा सिंह ने एवं आभार डॉ. मंजेश्वर ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही समस्त महिलाएं उपस्थित रहीं।



जंगल धूषड़ स्थित महाराणा प्रताप पीजी कालेज मे आयोजित कार्यक्रम मे संबोधित करते मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी। फोटो : एसएनबी

पेज 5 गोरखपुर। बुधवार • 10 जनवरी • 2024 | राष्ट्रीय सहारा

# महिलाओं को सशक्त बनाने के हो रहे प्रयास

गोरखपुर(एसएनबी)। महिलाएं प्राचीन काल से ही भारत की संस्कृति और समाज का अभिन्न अंग रही हैं। विगत कुछ वर्षों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक अवसरों में सुधार लाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम और नीतियां लागू की हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास सराहनीय है।




महाराणा प्रताप महाविद्यालय मे आयोजित निशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन अवसर पर संबोधित करते प्रो मनहर चरण

यह बातें डॉ. मनहर चरण आचार्य आईआईटी बीएचयू ने कहीं। वे मंगलवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के तत्वावधान में महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ गोरखपुर में 'उन्नत भारत ग्राम अभियान में मिशन शक्ति' प्रकल्प के अन्तर्गत जेके अर्बनसेप्स डेवेलपर्स लिमिटेड कानपुर द्वारा प्रायोजित तथा सिंगर इण्डिया लिमिटेड के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

**एमपी महाविद्यालय में सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन**

आईआईटी बीएचयू के आचार्य डॉ. श्रेयांश कुमार जैन ने कहा कि किसी राष्ट्र की पूर्ण उन्नति तभी हो सकती है जब वहां विकास के हरेक क्षेत्र में महिलाओं की भी पूरी भागीदारी हो। आईआईटी बीएचयू के आचार्य डॉ. शैल शंकर ने कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं को उनकी आय बढ़ाने में सहायता करने के साथ उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने में सहयोगी होगा।

इस अवसर पर उन्नत भारत अभियान के परियोजना प्रबंधक आशीष कुमार सिंह ने प्रस्ताविकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मंजेश्वर ने सात दिन तक चली निशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस दौरान कार्यशाला के माध्यम से महिलाओं को सिलाई मशीन के उपकरणों एवं क्रियाविधि के साथ उसके कुशल संचालन का प्रशिक्षण भी दिया गया।

हिन्दुस्तान गोरखपुर, बुधवार, 10 जनवरी 2024 04

# स्वावलंबन नारी सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी

**आयोजन**

- एमपी पीजी कॉलेज में सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ
- महिलाओं को सशक्त बनाने के भारत के प्रयासों में कई सकरात्मक विकास हुए

गोरखपुर, निज संवाददाता। महिलाएं प्राचीन काल से ही भारत की संस्कृति और समाज का अभिन्न अंग रही हैं। स्वतंत्रता के पश्चात भारत में महिलाओं की स्थिति कई वर्षों से बहस और चिंता का विषय रही है। विगत कुछ वर्षों में महिलाओं को सशक्त बनाने के भारत के प्रयासों में कई सकारात्मक विकास हुए हैं।

यह बातें आईआईटी बीएचयू के आचार्य डॉ मनहर चरण ने कहीं। वे मंगलवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के तत्वावधान में महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने




महाराणा प्रताप कॉलेज में आयोजित नि:शुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन समारोह को मुख्य अतिथि प्रो. मनहर चरण ने संबोधित किया।

कहा कि एमपी शिक्षा परिषद का महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास अभिनंदनीय एवं सराहनीय है।

विशिष्ट अतिथि आईआईटी, बीएचयू के आचार्य डॉ. श्रेयांश जैन ने कहा कि किसी राष्ट्र की पूर्ण उन्नति तभी हो सकती है जब वहां विकास के हरेक क्षेत्र में महिलाओं की भी पूरी भागीदारी हो। स्वावलंबन नारी सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी है।

विशिष्ट अतिथि आईआईटी, बीएचयू के आचार्य डॉ शैल शंकर ने कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं को उनकी आय बढ़ाने में सहायता करने के साथ उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने में सहयोगी होगा। उन्नत भारत अभियान के परियोजना प्रबंधक आशीष कुमार सिंह ने प्रास्ताविकी रखी। अभियान के कार्यक्रम संयोजक डॉ मंजेश्वर ने कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

अध्यक्षता करते हुए एमपी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि इस प्रशिक्षण के जरिए परिषद ने 1150 परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल शुरू की है। इसके आशातीत परिणाम सामने आएंगे। संचालन शिप्रा सिंह ने किया। यह कार्यशाला जेके अर्बनसेप्स डेवेलपर्स, कानपुर द्वारा प्रायोजित तथा सिंगर इंडिया के सहयोग से आयोजित था।

दैनिक जागरण 6
गोरखपुर, 10 जनवरी, 2024
www.jagran.com

# महिलाओं को सशक्त बनाने के हो रहे सकारात्मक प्रयास




सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण • सौ. कालेज प्रबंधन

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति और समाज में महिलाओं ने सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। बावजूद इसके स्वतंत्रता के बाद भारत में उनकी स्थिति बहस और चिंता का विषय रही है। हाल के वर्षों में हुई प्रगति के बावजूद महिलाओं को कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा। विगत कुछ वर्षों में महिलाओं को सशक्त बनाने के भारत के प्रयासों में कई सकारात्मक विकास हुए हैं। सरकार ने महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक अवसरों में सुधार लाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम और नीतियों को लागू किया है। यह बातें महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के तत्वावधान एवं महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में 'उन्नत भारत ग्राम अभियान में मिशन शक्ति' के तहत आयोजित सात दिवसीय निशुल्क सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आइआइटी बीएचयू डा. मनहर चरण ने कहीं।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया जाना अभिनंदनीय है। विशिष्ट

**सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन, महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में सहयोगी होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम : डा. शैल शंकर**

अतिथि आइआइटी, बीएचयू के आचार्य डा. श्रेयांश कुमार जैन ने कहा कि किसी राष्ट्र की पूर्ण उन्नति तभी हो सकती है, जब वहां विकास के हरेक क्षेत्र में महिलाओं की भी पूरी भागीदारी हो। इस दृष्टिकोण से हमें भारत की आधी आबादी यानी महिलाओं के स्वावलंबन और उनकी आत्मनिर्भरता की दिशा में और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। अन्य विशिष्ट अतिथि आइआइटी बीएचयू के आचार्य डा. शैल शंकर ने कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं को उनकी आय बढ़ाने में सहायता करने के साथ उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने में सहयोगी होगा। कार्यक्रम को उन्नत भारत अभियान के परियोजना प्रबंधक आशीष कुमार सिंह, कार्यक्रम संयोजक डा. मंजेश्वर आदि ने संबोधित किया। डा. मंजेश्वर ने बताया कि कार्यशाला में 1150 महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई की विधा में प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्य डा. प्रदीप कुमार राव और संचालन शिप्रा सिंह ने किया।

अमर उजाला
गोरखपुर | बृहस्पतिवार, 11 जनवरी 2024 5

# महिलाओं को स्वावलंबन की सौगात देंगे सीएम योगी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 13 जनवरी को महिलाओं को स्वावलंबन का उपहार देंगे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज सिविल लाइंस के परिसर में शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे से होने वाले समारोह में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 1150 महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीन का वितरण होगा। मुख्यमंत्री कुछ महिलाओं को खुद अपने हाथों से यह सौगात सौंपेंगे।



जिन महिलाओं को सिलाई मशीन दी जाएगी, उन्हें महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षित किया है। परिषद को ये सिलाई मशीनें जेके ग्रुप कानपुर ने उपलब्ध कराई हैं, जबकि प्रशिक्षण में सहयोग सिंगर इंडिया लिमिटेड ने किया। प्रशिक्षण और सिलाई मशीन के उपहार से ये महिलाएं रोजगार और स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ेंगी।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट प्रमथनाथ मिश्र के अनुसार, चार केंद्रों के अंतर्गत 12 स्थानों पर कुल 1150 महिलाओं को निशुल्क सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण प्रदान किया

**1150 महिलाओं को मुफ्त दी जाएगी सिलाई मशीन**

गया है। इन प्रशिक्षित महिलाओं को जेके ग्रुप की मदद से मुफ्त सिलाई मशीन वितरण का शुभारंभ 13 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि परिषद की सतत सेवा साधना के अनुक्रम में आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने की अनोखी पहल की गई। परिषद की तरफ से महिलाओं के लिए 3 जनवरी से सात दिवसीय सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इसका औपचारिक समापन नौ जनवरी को महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय (एमपीपीजी कॉलेज) जंगल धूसड़ में हुआ।

उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के तत्वावधान में निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण का कार्यक्रम सिंगर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से पूर्ण हुआ है। प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को सिंगर इंडिया लिमिटेड ने एक माह मुफ्त ऑनलाइन प्रशिक्षण का कूपन भी दिया है। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को जेके ग्रुप की तरफ से मुफ्त सिलाई मशीन उपलब्ध होने के बाद प्रशासन के सहयोग से सरकार की रोजगार और स्वरोजगार की योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा।

हिन्दुस्तान
गोरखपुर, शुक्रवार, 5 जनवरी 2024 06

# समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

गोरखपुर, निज संवाददाता। भारत का विकास गांवों के विकास एवं उनके स्वावलम्बन में छिपा है। आज भारत विकास की सभी विधाओं में तेजी से विकसित देशों के कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रहा है। उद्योगों का क्षेत्र हो या निर्यात, औषधि या रक्षा उपकरणों के निर्माण का। सभी क्षेत्रों में भारत की प्रगति विश्व में कौतूहल पैदा कर रही है। ऐसे में हमें आधी आबादी अर्थात महिलाओं के विकास एवं स्वावलंबन की ओर और अधिक कार्य करने की जरूरत है।

यह बातें मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने कही। वे गुरुवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में सात दिवसीय निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जेके अर्बनसेप्स डेवेलपर्स एवं सिंगर ग्रुप द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यशाला महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन में मील का पत्थर साबित होगा। केन्द्र और राज्य सरकार की तमाम योजनाओं के केन्द्र में महिलाएं हैं।

मुख्य अतिथि पिपराइच के विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यशालाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

इस दिशा में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद निरन्तर सजग रूप से पूर्वांचल के विकास में अपना सक्रिय योगदान दे रहा है।

विशिष्ट अतिथि डीएम कृष्णा करूणेश ने कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं को उनकी आय बढ़ाने में सहायता करने के साथ ही उन्हें आर्थिक दृष्टि से स्वावलंबी बनाने में मदद करेगा।



गुरुवार को मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी को प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने सम्मानित किया। • हिन्दुस्तान

**महिलाओं के सहयोग से ही देश का विकास : जीएन सिंह**

अध्यक्षता कर रहे मुख्यमंत्री के तकनीकी सलाहकार डॉ. जीएन सिंह ने कहा कि महिलाओं के सहयोग के बिना भारत का विकास संभव नहीं है। महाराणा प्रताप महाविद्यालय महिला सशक्तिकरण की दिशा में अपना सक्रिय सहयोग कर रहा है। महिला सशक्तीकरण एवं स्वावलंबन की दिशा में इस संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्य प्रशंसनीय हैं।

**कार्यशाला के बारे में बताया**

प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने अतिथियों का स्वागत किया। सिंगर इंडिया की एचआर हेड अल्पना शरना ने प्रशिक्षुओं को कार्यशाला के बारे में बताया।

गोरखपुर। बृहस्पतिवार • 11 जनवरी • 2024 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

# सीएम योगी देंगे महिलाओं को स्वावलंबन की सौगात

गोरखपुर (एसएनबी)। नारी सशक्तिकरण के लिए सदैव प्रयासरत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 13 जनवरी को महिलाओं को स्वावलंबन का उपहार देंगे। शनिवार को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज सिविल लाइंस के परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 1150 महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीन का वितरण होगा। कुछ महिलाओं को सीएम योगी खुद अपने हाथों से यह सौगात सौंपेंगे।

जिन महिलाओं को सिलाई मशीन दी जाएगी, उन्हें महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षित किया है। परिषद को ये सिलाई मशीनें जेके ग्रुप कानपुर ने उपलब्ध कराई हैं जबकि प्रशिक्षण में सहयोग सिंगर इंडिया लिमिटेड ने किया। प्रशिक्षण और सिलाई मशीन के उपहार से ये महिलाएं रोजगार और स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ेंगी।



13 को 1150 महिलाओं को मुफ्त दी जाएगी सिलाई मशीन

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद और जेके ग्रुप के सहयोग से होगा वितरण

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद मूल्यपरक शिक्षा के साथ ही समाज सेवा और स्वावलंबन के विभिन्न प्रकल्पों का भी सशक्त माध्यम है। परिषद की सतत सेवा साधना के अनुक्रम में आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने की अनोखी पहल की गई। परिषद की तरफ से महिलाओं के लिए 3 जनवरी से सात दिवसीय सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला का औपचारिक समापन 9 जनवरी को महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय (एमपीपीजी कलेज) जंगल धूसढ़ में हुआ। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट प्रमथनाथ मिश्र के अनुसार चार केंद्रों के अंतर्गत बारह स्थानों पर कुल 1150 महिलाओं को निशुल्क सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इन प्रशिक्षित महिलाओं को जेके ग्रुप की मदद से मुफ्त सिलाई मशीन वितरण का शुभारंभ 13 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के तत्वावधान में निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण का कार्यक्रम सिंगर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से पूर्ण हुआ है। प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को सिंगर इंडिया लिमिटेड ने एक माह मुफ्त ऑनलाइन प्रशिक्षण का कूपन भी दिया है। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को जेके ग्रुप की तरफ से मुफ्त सिलाई मशीन उपलब्ध होने के बाद प्रशासन के सहयोग से सरकार की रोजगार और स्वरोजगार की योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा।

हिन्दुस्तान

गोरखपुर, बुधवार, 17 जनवरी 2024 07

# अनुष्का सिंह प्रथम नेहा सिंह रहीं द्वितीय

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में भारत-भारती पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को कम्प्यूटर प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीएससी तृतीय सेमेस्टर की अनुष्का सिंह प्रथम, बीएड तृतीय सेमेस्टर की नेहा सिंह द्वितीय तथा बीएससी प्रथम सेमेस्टर के आयुष श्रीवास्तव तृतीय रहे। निर्णायक मंडल में सूरज मिश्र, अभिनव त्रिपाठी एवं अनूप पाण्डेय रहे। संयोजन प्रियांशु श्रीवास्तव ने किया।

हिन्दुस्तान

गोरखपुर, गुरुवार, 11 जनवरी 2024 05

# सीएम देंगे महिलाओं को स्वावलंबन की सौगात

**पहल**

■ 13 जनवरी को 1150 महिलाओं को मुफ्त दी जाएगी सिलाई मशीन

गोरखपुर, निज संवाददाता। नारी सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 13 जनवरी को महिलाओं को स्वावलंबन का उपहार देंगे। शनिवार को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज सिविल लाइंस के परिसर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 1150 महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीन का वितरण होगा। जिन महिलाओं को सिलाई मशीन दी जाएगी, उन्हें महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षित किया है। परिषद को ये सिलाई मशीनें जेके ग्रुप कानपुर ने उपलब्ध कराई हैं, जबकि प्रशिक्षण में सहयोग सिंगर इंडिया लिमिटेड ने किया।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद मूल्यपरक शिक्षा के साथ ही समाजसेवा और स्वावलंबन के विभिन्न प्रकल्पों का भी सशक्त माध्यम है। परिषद की सतत सेवा साधना के अनुक्रम में आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने की अनोखी पहल की गई। परिषद की तरफ से महिलाओं के लिए 3 जनवरी से सात दिवसीय सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला का औपचारिक समापन 9 जनवरी को महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय (एमपीपीजी कॉलेज) जंगल धूसढ़ में हुआ।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट प्रमथनाथ मिश्र के अनुसार चार केंद्रों के अंतर्गत बारह स्थानों पर कुल 1150 महिलाओं को निशुल्क सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इन प्रशिक्षित महिलाओं को जेके ग्रुप की मदद से मुफ्त सिलाई मशीन वितरण का शुभारंभ 13 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा।

दैनिक जागरण 2 | गोरखपुर, 11 जनवरी, 2024 www.jagran.com

## महिलाओं को स्वावलंबन का उपहार देंगे सीएम

- 13 को 1150 महिलाओं को मुफ्त दी जाएगी सिलाई मशीन
- एमपी इंटर कालेज के परिसर में आयोजित होगा कार्यक्रम

जासं, गोरखपुरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं को स्वावलंबन का उपहार देंगे। एमपी इंटर कालेज सिविल लाइंस परिसर में 13 जनवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 1150 महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीन का वितरण होगा। कुछ महिलाओं को मुख्यमंत्री खुद अपने हाथों इसे सौंपेंगे। जिन महिलाओं को सिलाई मशीन दी जाएगी, उन्हें महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित कार्यशाला में प्रशिक्षित किया गया है। परिषद को ये सिलाई मशीनें जेके ग्रुप कानपुर ने उपलब्ध कराई हैं। जबकि प्रशिक्षण में सहयोग सिंगर इंडिया लिमिटेड ने किया। प्रशिक्षण और सिलाई मशीन के उपहार से प्रशिक्षित महिलाएं रोजगार और स्वरोजगार से



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● फाइल फोटो

जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ेंगी।

परिषद की तरफ से महिलाओं के लिए तीन जनवरी से सात दिवसीय सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला का औपचारिक समापन नौ जनवरी को महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय (एमपीपीजी कालेज) जंगल धूसड़ में हुआ। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट प्रमथनाथ मिश्र के अनुसार चार केंद्रों के अंतर्गत बारह स्थानों पर कुल 1150 महिलाओं को निश्शुल्क सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को सिंगर इंडिया लिमिटेड ने एक माह मुफ्त आनलाइन प्रशिक्षण का कूपन भी दिया है। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीन उपलब्ध होने के बाद प्रशासन के सहयोग से सरकार की रोजगार व स्वरोजगार की योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा।

दैनिक जागरण 4 | गोरखपुर, 18 जनवरी, 2024 www.jagran.com

## अखिल, निधि, कविता व अभिषेक रहे अव्वल

गोरखपुर : महाराणा प्रताप पीजी कालेज में भारत-भारती पखवाड़ा के तहत बुधवार को महंत अवेद्यनाथ स्मृति कैरम तथा शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कैरम के पुरुष वर्ग में बीएड के अखिल प्रथम, किशन कुमार द्वितीय तथा विवेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में बीए की कविता प्रथम व साक्षी पाण्डेय द्वितीय तथा बीएससी की प्रतिमा तृतीय रहीं। शतरंज के महिला वर्ग में बीए की निधि राव प्रथम, बीकाम की निर्जला शर्मा द्वितीय तथा बीए की कविता तृतीय रहीं। पुरुष वर्ग में बीएससी के अभिषेक प्रथम, बीएड के किशन द्वितीय तथा बीए के विशाल तृतीय रहे। उप प्राचार्या शिप्रा सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया। (जासं)

हिन्दुस्तान www.livehindusta | गोरखपुर गुरुवार 18 जनवरी 2024 | 07

## अखिल, निधि, कविता व अभिषेक रहे अव्वल

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में भारत-भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत बुधवार को महंत अवेद्यनाथ स्मृति कैरम तथा शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कैरम के पुरुष वर्ग में बीएड के अखिल प्रथम, किशन कुमार द्वितीय तथा विवेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शतरंज के महिला वर्ग में बीए की निधि राव प्रथम, बीकॉम की निर्जला शर्मा द्वितीय तथा बीए की कविता तृतीय रहीं।

गोरखपुर। बृहस्पतिवार ● 18 जनवरी ● 2024 | राष्ट्रीय सहारा | ww

## कैरम व शतरंज प्रतियोगिता में छात्रों ने जीते पुरस्कार

गोरखपुर(एसएनबी)। भारत-भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़, गोरखपुर में बुधवार को महन्त अवेद्यनाथ स्मृति कैरम प्रतियोगिता तथा शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। दोनों प्रतियोगिताओं में कुल 93 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर कैरम और शतरंज प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ल ने कहा कि खेल से शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास के साथ ही

**एमपी महाविद्यालय में आयोजित हुयी प्रतियोगिता**

सामाजिक, व्यक्तित्व एवं मैत्री भाव का भी विकास होता है। कैरम प्रतियोगिता के बालक वर्ग में बीएड प्रथम सेमेस्टर के अखिल ने प्रथम स्थान, किशन कुमार ने द्वितीय तथा विवेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में बालिका वर्ग के अन्तर्गत बीए तृतीय सेमेस्टर की कविता ने प्रथम स्थान, बीए पंचम सेमेस्टर की साक्षी पाण्डेय ने द्वितीय स्थान तथा बीएस-सी तृतीय सेमेस्टर की प्रतिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शतरंज प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में बीए पंचम सेमेस्टर की निधि राव ने प्रथम, बीकाम प्रथम सेमेस्टर निर्जला शर्मा ने द्वितीय तथा बीए तृतीय सेमेस्टर की कविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में बीएस-सी तृतीय सेमेस्टर के अभिषेक ने प्रथम, बीएड प्रथम सेमेस्टर के किशन ने द्वितीय तथा बीए पंचम सेमेस्टर के विशाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण महाविद्यालय की उप प्राचार्या श्रीमती शिप्रा सिंह द्वारा किया गया।

हिन्दुस्तान | गोरखपुर, शुक्रवार, 19 जनवरी 2024 | 04

## लोकगीत प्रतियोगिता में गुड़िया सिंह रहीं प्रथम

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में भारत-भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत गुरुवार को लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीकॉम की गुड़िया सिंह प्रथम, बीए की शिखा दुबे द्वितीय तथा बीकॉम की सुप्रिया दुबे तृतीय रहीं। संयोजन डॉ. आरती सिंह ने तथा आभार ज्ञापन डॉ. सुधा शुक्ल ने किया। निर्णायक मंडल में दीप्ति गुप्ता, डॉ. सलित पाण्डेय एवं डॉ. नीलम गुप्ता शामिल रहे।

गोरखपुर, 20 जनवरी, 2024 | दैनिक जागरण 5

## हम सभी के थे प्रेरणास्रोत

गोरखपुर : महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में भारत-भारती पखवारा के अंतर्गत शुक्रवार को महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर 'रामराज्य की संकल्पनाः रघुवंशी राम से महाराणा प्रताप तक' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्वोत्तर रेलवे के पूर्व मुख्य वाणिज्य प्रबंधक रणविजय सिंह ने कहा कि इतिहास मात्र अतीत की घटनाओं की जानकारी नहीं, बल्कि गौरव गाथाओं को संप्रेषित करने की प्रमुख विधा भी है। अध्यक्षता राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे के सेवानिवृत्त आचार्य डा. राजेन्द्र भारती ने की।

amarujala.com

गोरखपुर | बृहस्पतिवार, 18 जनवरी 2024 8

## शतरंज : अभिषेक व निधि ने मारी बाजी

गोरखपुर। एमपीपीजी कॉलेज में भारत-भारती पखवाड़ा के अंतर्गत महंत अवेद्यनाथ स्मृति कैरम और शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 93 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

शतरंज स्पर्धा के बालिका वर्ग में बीए की निधि राव प्रथम, बीकाम की निर्जला शर्मा द्वितीय व बीए की कविता तृतीय रही। वहीं कैरम में बालक वर्ग में बीएड प्रथम सेमेस्टर के अखिल, किशन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संवाद

गोरखपुर | बुधवार, 31 जनवरी 2024 4

अमर उजाला गोरखपुर



प्रशिक्षण

15 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी बी एवं सी सर्टिफिकेट परीक्षा की तैयारी को लेकर गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में छात्राओं को हवलदार बलराम ने प्रशिक्षित किया। इसमें गोरखपुर विश्वविद्यालय, एमपी पीजी कॉलेज, सीआरडी पीजी कॉलेज, सेंट जोसफ कॉलेज समेत 10 कॉलेजों की छात्राओं ने प्रशिक्षण लिया। राजेश कुमार (संवाद)

हिन्दुस्तान

गोरखपुर, गुरुवार, 25 जनवरी 2024 04

## रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभा का प्रदर्शन

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में भारत-भारती पखवाड़ा के तहत बुधवार को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्रुप ए नेहा साह, लक्ष्मी चौधरी, शिखा गौड़ द्वितीय स्थान ग्रुप सी कृति रानी वर्मा, गरिमा त्रिपाठी, अखिल कुमार एवं राकेश कुमार तथा तृतीय स्थान ग्रुप बी लक्ष्मी कुमारी, क्षिप्रा रानी ने प्राप्त किया।

गोरखपुर। बृहस्पतिवार • 25 जनवरी • 2024

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

## आगर्षक रंगोली बनाकर छात्राओं ने जीते पुरस्कार

गोरखपुर (एसएनबी)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में भारत-भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत बुधवार को को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रयोग करते हुए रंगोली प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया व पुरस्कार जीते। भारत-भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित रंगोली में प्रथम स्थान ग्रुप ए नेहा साह, लक्ष्मी चौधरी, शिखा गौड़, बीकाम प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान ग्रुप सी, कृति रानी वर्मा, गरिमा त्रिपाठी, अखिल व राकेश व तृतीय स्थान ग्रुप बी लक्ष्मी कुमारी, क्षिप्रा रानी एमए चतुर्थ सेमेस्टर गृह विज्ञान ने प्राप्त किया।

amarujala.com गोरखपुर | शनिवार, 20 जनवरी 2024 5

## महाराणा प्रताप ने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया : रणविजय

गोरखपुर। महाराणा प्रताप हमारे ऐसे नायक हैं, जिनके त्याग एवं तपस्या के मूल्य हम सभी को सतत पाथेय प्रदान करते रहेंगे। महाराणा प्रताप ने विषम परिस्थितियों में अपने सिद्धांतो के साथ समझौता नहीं किया।

ये बातें पूर्वोत्तर रेलवे के पूर्व मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक रणविजय सिंह ने कही। वे शुक्रवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर 'रामराज्य की संकल्पना: रघुवंशी राम से महाराणा प्रताप तक' विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान को मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इतिहास मात्र अतीत की घटनाओं की जानकारी नहीं, बल्कि ऐतिहासिक गौरव गाथाओं को अगली पीढ़ी तक सम्प्रेषित करने की प्रमुख विधा भी है। अतीत की गौरव गाथाओ और वर्तमान की सृजनशीलता से ही सभ्यताओं का मार्ग प्रशस्त होता है। संवाद

### पुण्यतिथि पर महाराणा प्रताप को दी श्रद्धांजलि

### क्षत्रिय महासभा ने महाराणा प्रताप को किया याद

गोरखपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने शुक्रवार को महाराणा प्रताप की 427वीं पुण्यतिथि मनाई। रेलवे स्टेशन स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, पूर्वांचल प्रांत अध्यक्ष उग्रसेन सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष कामेश्वर सिंह, प्रह्लाद सिंह, जिला अध्यक्ष लालू सिंह , नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

भारतीय नभमण्डल के धार्मिक-आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षितिज के दैदीप्यमान नक्षत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज नें पूर्वांचल के शैक्षणिक विकास एवं भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन ज्ञान-विज्ञान एवं कौशल से ओत-प्रोत शिक्षा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से सन् 1932 ई. में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की थी। सिद्ध गोरक्षपीठ एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप महाविद्यालय पूर्वांचल के शिक्षा क्षेत्र की एक अग्रणी संस्था है । महाविद्यालय के मासिक गतिविधियों का एक संक्षिप्त संकलन ''ध्येय पथ'' नाम से मासिक ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी क्रम में जनवरी माह की मासिक ई-पात्रिका ध्येय-पथ आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

## महाराणा प्रताप महाविद्याल, जंगल धूसड़ गोरखपुर